

# महाराष्ट्र में 'देवा भाऊ' की सरकार


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 231 | शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now | /ulhasvikas | संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




- फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री
- शिंदे ने शपथ के पहले बालासाहेब का नाम लिया
- अजित छठी बार डिप्टी सीएम बने





**मुंबई.** महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट के 13 दिन बाद नई सरकार बन गई। देवेंद्र फडणवीस ने 10 साल में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ऐसा करने वाले वह भाजपा के पहले नेता हैं। शपथ के बाद वे PM मोदी के पास गए और अभिनंदन किया।

फडणवीस के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने डिप्टी CM पद की शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने बाला साहेब ठाकरे और आनंद दिघे का नाम लिया। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को धन्यवाद दिया। वे राज्य के दूसरे नेता हैं जो CM के बाद डिप्टी CM बने।

शिंदे के बाद NCP नेता अजित पवार ने डिप्टी CM की शपथ ली। वह छठी बार राज्य के डिप्टी CM बने। वह महायुति और महाविकास अघाड़ी दोनों गठबंधन की सरकार में डिप्टी CM रहने वाले महाराष्ट्र के पहले नेता बन गए हैं।

शपथ समारोह मुंबई के आजाद मैदान में शाम 5:31 बजे शुरू हुआ, जो 16 मिनट यानी, 5:47 बजे तक चला। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने तीनों नेताओं ने मराठी में शपथ ली। समारोह में PM मोदी, अमित शाह, नितिन गडकरी के अलावा नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू समेत NDA शासित 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के CM और डिप्टी CM शामिल हुए।

मंत्रियों ने शपथ नहीं ली सीएम और दोनों डिप्टी सीएम के अलावा किसी मंत्री को शपथ नहीं दिलाई गई। हालांकि महायुति के बीच कैबिनेट बंटवारे को लेकर 6-1 का फॉर्मूला तय हुआ है। यानी 6 विधायक पर एक मंत्री पद मिलेगा। इसके तहत भाजपा को 20 से 22 मंत्री पद, एकनाथ शिंदे गुट को 12 और अजित पवार गुट को 9 से 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं। शपथ समारोह के बाद महायुती की बैठक होगी। आगे की रणनीति और मंत्रिमंडल के गठन पर चर्चा होगी।

महायुति ने 230, MVA ने 46 सीटें जीतीं महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 23 नवंबर को रिजल्ट आया। महायुति को 230 सीटें मिलीं। इसमें भाजपा को 132, शिवसेना को 57 और NCP को 41 विधायक जीते। वहीं महाविकास अघाड़ी (MVA) को 46 और अन्य को 12 सीटें मिलीं। MVA में शिवसेना (UBT) 20, कांग्रेस 16 और शरद पवार की NCP को 10 सीटों पर जीत मिली। बहुमत का आंकड़ा 145 है।

## उल्हासनगर में धड़ल्ले से बिक रहा प्रतिबंधित गुटखा

**विट्ठलवाड़ी पुलिस ने 1 लाख 65 हजार का गुटखा जब्त किया**

**पुलिस ने तीन गुटखा तस्करों को किया गिरफ्तार**

**3 महिलाएं भी हिरासत में, आरोपी 2 दिन के रिमांड पर**

- शहर में गुटखा माफिया सक्रिय

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में प्रतिबंधित गुटखा का गोरख धंधा धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। शहर के कई गुटखा माफिया शहर में सक्रिय हैं और गुजरात के साथ देश के कोने-कोने से प्रतिबंधित गुटखा शहर में लाते हैं।

ऐसे में विठ्ठलवाड़ी अपराध शाखा पुलिस ने 1 लाख 65 हजार रुपये का प्रतिबंधित गुटखा और सुगंधित तंबाकू जब्त किया है. पुलिस ने गुप्त जानकारी के आधार पर गुटखा तस्करी करने वालों को जाल बिछाकर पकड़ा जिसमें 3 महिलाएं व 3 पुरुषों तस्करों का समावेश है।




उनके पास से बड़ी मात्रा में गुटखा और सुगंधित तंबाकू जब्त किया गया। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर 3 आरोपियों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां माननीय न्यायालय ने उन्हें दो दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है।, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल आगे की जानकारी दे रहे हैं।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उल्हासनगर 5 के स्वामी शांति प्रकाश आश्रम के गाय माता का पूजन करके शपथ लीर.

## गोदुमल किशनानी को रवि पुजारी के नाम पर जान से मारने की धमकी

- गोदुमल के बेटे प्रवीण किशनानी को फोन पर धमकाया
- गवाही देने पर जान से मारने की धमकी



**उल्हासनगर.** पूर्व नगरसेवक और उद्योगपति गोदुमल किशनानी और उनके बेटे को एक अज्ञात व्यक्ति ने गैंगस्टर रवि पुजारी का नाम लेते हुए एक अदालती मामले में गवाही देने जाने पर जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे ने बताया कि इस संबंध में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

उल्हासनगर कैंप नंबर-3 इलाके में पूर्व नगरसेवक और उद्योगपति गोदुमल किशनानी अपने परिवार के साथ रहते हैं। 30 नवंबर की रात को गोदुमल किशनानी के बेटे प्रवीण के मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया. गोदुमल किशनानी और प्रवीण किशनानी एक अदालती मामले में गवाह हैं और उन्हें उस मामले में गवाही न देने के लिए कहा गया था। एक अज्ञात व्यक्ति ने गैंगस्टर रवि पुजारी का नाम लिया और गवाही देने जाने पर जान से मारने की धमकी दी.

इस घटना से भयभीत गोदुमल किशनानी ने सेंट्रल थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे ने बताया कि किशनानी की शिकायत के आधार पर रवि पुजारी समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

**अंबरनाथ नपा का बर्खास्त हुए साढ़े चार वर्ष बीते**

## अब मार्च-अप्रैल में चुनाव हों

- प्रशासकीय राज से जनता परेशान

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** स्थानीय स्वराज संस्था के चुनाव मार्च अथवा अप्रैल 2025 में होने की संभावना है. विदित हो कि अंबरनाथ नगर परिषद का कार्यकाल 17 मई 2020 को समाप्त हो गया था. तब से आच तक 4 वर्ष 7 महिने हो गए हैं, नगर परिषद के चुनाव नहीं हुए हैं. तब से अब तक बिना नगरसेवकों के नगर परिषद में प्रशासकीय राज चल रहा है. लोग भी इस प्रशासकीय राज से परेशान हो गए हैं. वह भी चाहते हैं कि जल्द से जल्द चुनाव हों. अगर मई 2020 में ही चुनाव हो गए होते तो मई 2025 में नगरपालिका बर्खास्त होकर मई 25 में दूसरे चुनाव होते. शहर में बार-बार ये अफवाह भी फैल रही है कि महायुति की सरकार आने पर अंबरनाथ शहर और आसपास के गांव का समावेश करके अंबरनाथ को महानगर पालिका बनाया जा सकता है. अगर ऐसा हुआ तो चुनाव और देरी से हो सकते हैं.

न्यायालयीन प्रक्रिया के चलते चुनाव साढ़े चार वर्षों से नहीं हुए हैं. लोक प्रतिनिधि नहीं होने से नागरिकों को समस्या हल करने के लिए प्रशासन के पास भागना पड़ रहा है. इच्छुक उम्मीदवारों में भी बेचैनी बढ़ गई है. लोकसभा और विधानसभा के चुनाव भी संपन्न हो गए हैं. राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण भी हो चुका है. ठाणे जिले में महायुति को अच्छा प्रतिसाद मिला है और वह सत्ता में है. कुछ इच्छुक उम्मीदवारों ने विधानसभा में विधायक को मिले बूथ वाइज वोट से अपने कैलकुलेशन भी करना शुरू कर दिया है. लोगों का कहना है कि अब तो सरकार को स्थानीय स्वराज्य संस्था के चुनाव 3-4 महिने में करवा लेना चाहिए.

## गुरुनानक स्कूल में बच्चे के हाथ की हड्डी टूटी



**उल्हासनगर.** शहर के गुरु नानक स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले 7 वर्षीय बच्चे के गिरने से हाथ की हड्डी टूट गई। पता चला कि स्कूल प्रशासन ने बच्चे को 1 से 1.5 घंटे तक बैठाए रखा जब तक कि माता-पिता बच्चे को लेने नहीं आए. माता-पिता ने इसकी शिकायत बाल कल्याण समिति से की है.

उल्हासनगर कैंप नंबर-4 इलाके में एक मशहूर गुरु नानक इंग्लिश मीडियम स्कूल है. 7 साल का अर्नव राजेश इंगले स्कूल की दूसरी कक्षा में पढ़ता है। मंगलवार की दोपहर तीन बजे शिक्षक बच्चों को कंप्यूटर क्लास में ले जा रहे थे. इसी दौरान अर्णव का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया. उसके हाथ में गंभीर चोट लग गई. स्कूल प्रशासन ने तुरंत इसकी जानकारी मां और पिता को दी तो मां और पिता काम से एक से डेढ़ घंटे बाद स्कूल आये.

मां आम्रपाली इंगले का आरोप है कि बच्चे को अस्पताल ले जाने के बजाय एक से डेढ़ घंटे तक बिना इलाज के बैठाए रखा गया. शिक्षकों की मदद से बच्चे को इलाके के शिवनेरी अस्पताल ले जाने के बाद एक्स-रे से पता चला कि बच्चे के हाथ की हड्डी टूट गई है।

बच्चे का इलाज शिवनेरी अस्पताल में चल रहा है और स्कूल के शिक्षकों ने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. हालाँकि, माता-पिता ने बच्चे को इलाज प्रदान करने में स्कूल प्रशासन द्वारा दिखाई गई ढिलाई को लेकर नाराजगी व्यक्त की और बाल कल्याण समिति और विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। विश्वस्त सूत्र से जानकारी मिली है कि स्कूल प्रशासन ने बच्चे के इलाज का खर्च उठाने की तैयारी दिखाई है और इस संबंध में स्कूल प्रशासन से संपर्क नहीं हो सका है.

## अंबरनाथ में अवैध मछली विक्रेताओं से लोग परेशान

- मरी मुर्गी का चिकन तलकर बेचा जा रहा है
- अंबरनाथ नपा स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करे

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में खुलेआम जगह-जगह मछली सड़क के किनारे बैठकर बेची जा रही है. जिसकी बदबू और गंदगी के कारण शहर की जनता परेशान है. अंबरनाथ पश्चिम में स्टेशन रोड पर नाले के पास पुल के ऊपर एवं पूर्व में शिवाजी चौक के पास मछली विक्रेता बड़ी संख्या में देखे जा सकते हैं. इन सब पर कार्रवाई करने की जरूरत है. अंबरनाथ नगर परिषद स्वास्थ्य विभाग तक शहरवासियों ने शिकायत भी की है. लेकिन इन मछली विक्रेताओं पर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है. इसलिए शहर के हर एक चौक रास्ते के किनारे ये मछली विक्रेता बदबू एवं गंदगी फैला रहे हैं. अंबरनाथ नगर परिषद ने स्टेशन मटन मार्केट के बाजू में अधिकृत रूप से मछली विक्रेताओं को जगह उपलब्ध करा कर दिया है. इन मछली विक्रेताओं का कारोबार ठप होकर रह गया है. इन विक्रेताओं ने भी अवैध मछली विक्रेताओं के खिलाफ शिकायत की है. लेकिन नपा स्वास्थ्य विभाग, अतिक्रमण विभाग इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है.

साथ ही शहर में मरी हुई मुर्गियों के चिकन को तल कर उसको मसाला लगाकर बेचने के ठेले वाले भी बढ़ गए हैं. मरी हुई अथवा बीमारी से मरी मुर्गियों को काट कर चिकन तल कर ठेले वाले शाम से रात तक धड़ल्ले से बेच रहे हैं. इन सब अवैध मछली और मरी मुर्गियों के तले हुए चिकन विक्रेताओं पर कार्रवाई करते हुए उन पर पुलिस में अपराध भी दर्ज कराना जरूरी हो गया है.

## महिलाओं के झुंड ने किया परिवार पर हमला

- शिकायतकर्ता पर चाकू से हमला

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पांच स्थित गौशाला क्षेत्र में महिलाओं के झुंड द्वारा एक परिवार पर जानलेवा हमला करने की घटना सामने आय़ी है, इस पिटाई में जयसिंह शर्मा घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता जयसिंह शर्मा और पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के बीच बीती सुबह मामूली बात को लेकर आपसी विवाद हो गया, इस बीच मामला तो आपसी सहमति से निपट गया, लेकिन घटना की जानकारी लेने गए जयसिंह को बेरहमी से पीटा गया और उसके कान पर भी चाकू से हमला कर दिया गया। घायल जयसिंह पर शाम को फिर 25 से 30 महिलाओं ने उनकी पत्नी के साथ मारपीट की, अब हिललाइन थाने में आरोपी महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच हिललाइन पुलिस कर रही है.

## उल्हासनगर महानगर पालिका का 'आदर्श विद्यालय' विकसित



**उल्हासनगर.** गोपाल नगर, सी ब्लॉक, शहाड स्टेशन रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले म्युनिसिपल स्कूल नंबर 17 का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और जून 2025 से सभी सुविधाओं के साथ नया भवन शुरू हो जाएगा. महानगर पालिका के आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने जानकारी दी है. मनपा आयुक्त विकास ढाकने की संकल्पना से उल्हासनगर महानगरपालिका के स्कूलों को बदलने का कार्य शुरू किया गया है और भौतिक सुविधाओं के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न उपायों की योजना बनाई जा रही है। सभी स्कूलों का रंग-रूप एक किया जा रहा है. आदर्श विद्यालय योजना के तहत शिक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने मनपा स्कूल नं. 17 का शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। स्कूलों के निर्माण के दौरान शिक्षकों और छात्रों की सुविधा के अनुसार आवश्यक कार्य करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए गए हैं।

**अंबिवली में अपराधी को पकड़ने आई अंधेरी एमआईडीसी की पुलिस पर हमला**

## पथराव करनेवाले 25 लोगों पर मामला दर्ज

- 4 लोगों को लिया गया हिरासत में
- हत्या के प्रयास, अधिकारियों पर हमला समेत कई मामले दर्ज



**कल्याण.** अंबिवली में मुंबई पुलिस पर हुए हमले के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन बुरी तरह से जाग उठा है, जिससे कल्याण डोंबिवली समेत पूरी मुंबई पुलिस फ़ोर्स नींद से जागा है। पुलिस पर पथराव करने वाले 25 लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 4 को हिरासत में लिया गया है। इस बीच कल्याण के डीसीपी अतुल झेंडे ने जानकारी दी है कि खड़कपाड़ा पुलिस पथराव करने वाले बाकी लोगों की गहनता से तलाश कर रही है. बुधवार रात के आसपास, अंधेरी एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की एक टीम एक आरोपी को पकड़ने के लिए कल्याण के पास अंबिवली आई थी। जब टीम संबंधित आरोपियों को लेकर अंबिवली स्टेशन आई तो ईरानी बस्ती से एक भीड़ वहां आ गई और अचानक इस भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया. जिसमें एमआई डीसी पुलिस के एक सहायक पुलिस निरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गये हैं. भीड़ द्वारा पुलिस पर पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. जिसमें भीड़ में से कुछ लोग रेलवे ट्रैक के नीचे से पत्थर उठाकर पुलिस पर फेंकते नजर आ रहे हैं. वहीं, भीड़ में कुछ महिलाएं पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी को छुड़ाने की कोशिश भी करती नजर आ रही हैं.

डीसीपी अतुल झेंडे ने बताया कि इस गंभीर घटना के बाद खड़कपाड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास, सरकारी कर्मचारियों पर हमला जैसी विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है. साथ ही, 20 से 25 लोगों पर इन अपराधों का आरोप लगाया गया है और उनमें से 4 को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि बाकी आरोपियों की गहनता से तलाश की जा रही है.

इस बीच इस गंभीर मामले के बाद आंबिवली में ईरानी बस्ती और उसकी आपराधिक प्रवृत्ति एक बार फिर चर्चा में आ गई है और पुलिस पर हमले भी पिछले दिनों हुए हैं. उसे देखते हुए आखिर कब तक इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी? क्या उनके मन में पुलिस और कानून का डर पैदा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी? ऐसे कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

## मेट्रो साइट पर पलटा कंक्रीट मिक्सर ट्रक, 1 मजदूर की मौत

**ठाणे.** एक मेट्रो कंस्ट्रक्शन साइट पर कंक्रीट मिक्सर ट्रक पलट जाने से 25 साल के एक मजदूर की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार रात 10.45 बजे काशीमीरा इलाके के पेंकरपाड़ा में हुई. मीरा भयंदर नगर निगम के अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि कंक्रीट मिक्सर ट्रक में तीन कर्मचारी सवार थे.वह अचानक पलट गया और एक गड्ढे में गिर गया. एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक पलटने पर दो लोग सुरक्षित बाहर कूद गए, जबकि तीसरा व्यक्ति मिक्सर के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई. सूचना मिलने के बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया. उन्होंने बताया कि बाद में गुरुवार तड़के साढ़े तीन बजे तक चले बचाव अभियान के दौरान शव को निकाला गया.

## मुरबाड में पूर्व उपसरपंच ने किया नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न

- लड़की ने किया आत्महत्या का प्रयास
- आरोपी गिरफ्तार



**कल्याण.** मुरबाड तालुका की एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ उसी गांव के निवासी ने यौन उत्पीड़न किया है, जहां पीड़िता रहती है. यह निवासी पहले गांव का उपसरपंच था. पीड़ित बच्ची के माता-पिता ने मुरबाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने बाल यौन शोषण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर संबंधित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित लड़की मुरबाड तालुका के एक गांव में रहती है. उसके घर के बगल में पूर्व उपसरपंच का घर है. पीड़ित लड़की 10वीं कक्षा में पढ़ती है. पीड़िता को 10वीं कक्षा की पढ़ाई के बारे में मार्गदर्शन करने के बहाने पूर्व उपसरपंच ने पीड़िता को अपने घर के पास एक सुनसान मकान में बुलाया और वहां उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। पूर्व उपसरपंच ने इस तरह की घटना के बारे में बाहर किसी को नहीं बताने की धमकी दी थी. पीड़िता की मां और पिता पुणे के पास एक कंपनी में काम करते हैं. पूर्व उपसरपंच द्वारा यौन शोषण के मामले बढ़ने से पीड़ित लड़की परेशान थी. इसी परेशानी के चलते पीड़ित लड़की ने अपने आवास में कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की. पीड़ित लड़की के परिजनों ने तुरंत पीड़िता को मुरबाड के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया. पुणे में रहने वाली लड़की की मां अस्पताल आई। उस समय पीड़िता ने पूर्व उपसरपंच द्वारा परेशान करने की शिकायत की थी. यह सुनकर लड़की की मां तुरंत मुरबाड पुलिस स्टेशन पहुंची. वहां उसके साथ यौन शोषण करने वाले पूर्व उपसरपंच के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सोमवार को बाल यौन शोषण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूर्व उपसरपंच को गिरफ्तार कर लिया.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## सरकार के दावों की पोल खोलती रिपोर्ट

देश की राजधानी में डेंगू के साथ मलेरिया और चिकनगुनिया के मामले जिस तेजी से बढ़े हैं, उससे यह साबित हो गया कि स्थानीय निकाय के साथ राज्य सरकार भी इनकी रोकथाम के लिए गंभीर नहीं थी। इसी के साथ उनके तमाम दावों की पोल भी खुल गई है। यह हाल तब है जबकि दिल्ली सरकार का शिक्षा के बाद स्वास्थ्य पर सबसे बड़ा बजट है। यह दुखद है कि डेंगू के मामले प्रति वर्ष आते हैं, लेकिन इसे रोकने की पुख्ता तैयारी नहीं होती।

इस साल नवंबर तक करीब पौने छह हजार लोग डेंगू की चपेट में आए। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के मुताबिक यह संख्या पांच वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। चिकनगुनिया से भी दिल्लीवासी त्रस्त रहे। मलेरिया सहित इस तरह के रोग आमतौर पर अगस्त-सितंबर में बढ़ते हैं और मौसम में ठंडक उतरने के साथ अक्तूबर-नवंबर तक समाप्त हो जाते हैं।

मगर इस बार मौसम निकल जाने पर भी लोग मच्छरजनित बीमारियों की चपेट में आते रहे। हालांकि दिल्ली नगर निगम ने लार्वारोधी उपायों, धुएं के छिड़काव और दवा आदि पर खर्च करने की बात कही है, फिर भी मामले नहीं थमे। स्पष्ट है कि कहीं न कहीं उससे बड़ी चूक हुई है।

अमूमन सर्दियों की शुरूआत के साथ मच्छर कम होने लगते हैं, लेकिन इस बार आश्चर्यजनक रूप से बीमारियां बढ़ीं। अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। जबकि मच्छरों से निपटने और इलाज आदि पर सौ करोड़ रुपए खर्च करने की जानकारी दिल्ली नगर निगम ने दी है। आखिर इतनी बड़ी राशि किस तरह और कहां खर्च हुई, यह जांच का विषय है।

बीमारियों से निपटने के उपायों पर स्थानीय निकाय और राज्य सरकार में समन्वय होना चाहिए। खासकर जब एक ही दल दोनों जगह सत्तारूढ़ हो। कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार और नगर निगम अगर योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाते, तो डेंगू और चिकनगुनिया के मामले इतने नहीं बढ़ते।

सरकार मोहल्ला क्लीनिकों को सक्रिय कर सकती थी। मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए टीमें तैनात की गई थीं, लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जाते रहे, इसके बावजूद इन बीमारियों का बढ़ते जाना चिंता की बात है।

# पटरी पर आई महाराष्ट्र की राजनीति

देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने का रास्ता साफ होते ही महाराष्ट्र की राजनीति स्थिर आयाम तक पहुंच गई। विधानसभा चुनाव परिणाम का स्वाभाविक राजनीतिक फलितार्थ यही हो सकता था कि फडणवीस मुख्यमंत्री बनें। 2014 से उनके नेतृत्व में महाराष्ट्र की राजनीति के जिस दौर की शुरुआत हुई, उस पर 2019 में ग्रहण लगने का कोई स्वाभाविक कारण नहीं था। भाजपा और शिवसेना दोनों को मिलाकर जनता ने 161 सीटों का बहुमत दिया था, लेकिन उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी। यहां से महाराष्ट्र की राजनीति अस्वाभाविक, अनैतिक और अस्थिरता के ऐसे दौर में उलझी कि राजनीतिक विचारधारा का सबसे बड़ा संभ्रम कायम हुआ।

हिंदुत्व की राजनीति करने वाली शिवसेना ने सत्ता के नेतृत्व के लिए जिस तरह रंग बदला, उसे जनता की स्थायी स्वीकृति मिलना 2014 से भारत में आरंभ हुई राजनीति के दौर के बीच असाधारण घटना होती। आखिरकार हाल के विधानसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र की राजनीति स्वाभाविक विचारधारा की पटरी पर आ गई।

एक तरह से जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के अंदर हुए विद्रोह ने ही संदेश दे दिया था कि अस्वाभाविक वैचारिकता को बड़ा वर्ग स्वीकार करने को तैयार नहीं। जब अजीत पवार के नेतृत्व में राकांपा भी भाजपा के साथ आ गई तो साफ हो गया कि महाराष्ट्र के सत्ता समीकरण



में कांग्रेस को छोड़कर किसी दल के अंदर सहजता नहीं थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी के प्रभावी प्रदर्शन ने फिर से स्वाभाविक राजनीति पर ग्रहण लगाया, लेकिन माना यही गया कि यह भी एक अस्थायी परिघटना है। लोकसभा चुनाव में कई कारकों ने महाराष्ट्र के साथ उत्तर प्रदेश और इससे कम परिमाण में कुछ दूसरे राज्यों में अपनी भूमिका निभाई, जिससे भाजपा के नेतृत्व में राजग की सीटें कम हुईं। लगता है कि स्वयं मतदाताओं ने भी समझा कि उनसे गलती हो गई है। पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में मतदाताओं ने अनुकूल परिस्थितियों एवं समीकरणों की सहजता को देखते हुए जनादेश दिया। चुनाव परिणाम के बाद सरकार गठन में लगभग दो सप्ताह का समय इसी कारण लगा, क्योंकि फडणवीस को नेता के रूप में स्वीकार करने के लिए शिंदे को तैयार करना था या कहें कि उन्हें तैयार होना था। चुनाव परिणाम से इतना तो साफ था कि शिंदे के विद्रोह को शिवसैनिकों ने स्वीकार किया। उन्होंने इतने प्रभावी परिवार से पार्टी को अलग कर उसे विचारधारा की स्वाभाविक पटरी पर लाने की अकल्पनीय भूमिका निभाई। जून 2022 में भाजपा नेतृत्व के सामने सरकार की स्थिरता और सुदृढ़ता के लिए आवश्यक था कि शिंदे को नेतृत्व दिया जाए। भाजपा नेतृत्व ने उन्हें स्थायी रूप से मुख्यमंत्री बनाने का कोई वचन दिया होता तो वह अवश्य इसकी चर्चा करते। यह ध्यान रहे कि पूरे चुनाव अभियान के दौरान कोई भी मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया गया। निश्चित रूप से शिंदे के समर्थकों का एक वर्ग फिर से उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहता होगा, लेकिन ऐसा होना महाराष्ट्र की राजनीति के फिर से अस्थिर होने का कारण बन जाता। शिंदे को भी जनप्रतिक्रिया का आभास हो गया होगा कि उद्धव ठाकरे के विरुद्ध विद्रोह से निर्मित सशक्त नेता की उनकी छवि सरकार गठन में बाधा बनने से कमजोर होगी।

ध्यान रहे कि दूसरे साझेदार अजीत पवार के साथ भाजपा को बहुमत मिल गया था और इस कारण शिंदे की अपरिहार्यता नहीं रह गई थी। यह सतह पर दिखने वाला एक पहलू है। भाजपा नेतृत्व को पता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में उनके लिए शिंदे की शिवसेना के साथ विचारधारा के आधार पर दीर्घकालिक काम करना आवश्यक है। दूसरी ओर, अजीत पवार ने परिपक्वता दिखाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने दूरगामी सोच के साथ अपनी पार्टी और दोनों साझेदारों को किसी स्तर पर असंतुष्ट और नाराज होने का अवसर नहीं दिया। संघ की भी प्रभावी सक्रियता रही। यही कारण था कि सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन में हल्के-फुल्के मतभेद होते हुए भी तीनों दल और प्रमुख नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ते रहे।




ध्यानाभ्यास के द्वारा हम जान जाते हैं कि हमारे अंदर शांति और प्रेम का स्रोत है, जो हमारे जीवन को समृद्ध कर सकता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# संवेदनशील राज्य पंजाब में सुरक्षा पर सवाल

पंजाब अलगाववादी गतिविधियों के लिहाज से अब भी संवेनशील राज्य है। पिछले कुछ समय से फिर कनाडा आदि देशों में रह रहे कुछ अलगाववादी सिख खालिस्तान की मांग उठाने लगे हैं। उसका कुछ असर पंजाब में भी देखा गया। हालांकि सरकार ने चुस्ती दिखाई और ऐसे तत्त्वों पर लगाम कसने में कामयाब हुई। मगर पिछले कुछ समय से पंजाब में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, दिनदहाड़े और सरेआम किसी को गोली मार देने में भी अपराधियों को कोई हिचक नहीं होती।

### खालिस्तान समर्थक पूर्व आतंकवादी है हमलावर

ऐसे वातावरण में पुलिस से अधिक चौकस रहने की अपेक्षा की जाती है। मगर पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर जिस तरह स्वर्ण मंदिर परिसर में जानलेवा हमला हो गया, उससे जाहिर है कि पुलिस ने उनकी सुरक्षा के अपेक्षित इंतजाम नहीं किए थे। जिस व्यक्ति ने उन पर गोली चलाई वह खालिस्तान समर्थक पूर्व आतंकवादी है।

रामरहीम के आपराधिक मामले में सुलह करवाने के आरोप में अकाल तख्त ने सुखबीर सिंह बादल को तनखैया घोषित कर गुरुद्वारे में सेवा करने और कीर्तन सुनने का आदेश दिया था। उसी का पालन करते हुए स्वर्ण मंदिर परिसर में वे सेवा दे रहे थे। एक व्यक्ति ने उसी वक्त उन पर हमला करने की कोशिश की। गनीमत थी कि वहां सादी वर्दी में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया। इस तरह गोली बादल को न लग कर दीवार पर जा लगी।

### स्वर्ण मंदिर में श्रद्धालुओं की नहीं होती तकनीकी जांच

हालांकि स्वर्ण मंदिर परिसर में उस तरह श्रद्धालुओं की तकनीकी जांच नहीं होती, जिस तरह अन्य अनेक पूजा स्थलों पर की जाती है। श्रद्धालु मुक्त रूप से परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। पर सुरक्षा के लिहाज से परिसर में सैकड़ों सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। यह अच्छी बात है कि श्रद्धा के मामले में वहां सरकारी हस्तक्षेप नहीं है, मगर सुखबीर बादल वहां किसी सामान्य श्रद्धालु की तरह नहीं गए थे। उनकी सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

गनीमत है कि सादी वर्दी में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उस हमले को नाकाम कर दिया, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर बंदूक लेकर कोई शख्स कैसे पूर्व मुख्यमंत्री के करीब तक पहुंच गया। अगर उसे परिसर में प्रवेश से पहले ही पकड़ लिया जाता, तो वह गोली चलाने में कामयाब ही न हो पाता। दूसरी बात, कि अगर मंदिर परिसर में सादी वर्दी में प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात थे, तो उन्हें उस व्यक्ति को पहचानने में इतनी देर कैसे हो गई कि वह बादल के करीब तक पहुंच गया।

### पाकिस्तान से नजदीक है स्वर्ण मंदिर

पंजाब सीमावर्ती राज्य होने के कारण भी बहुत संवेदनशील है। अमृतसर तो बिल्कुल पाकिस्तान सीमा से लगा हुआ है। यह भी छिपी बात नहीं है कि अलगाववादी तत्त्वों के तार पाकिस्तानी दहशतगर्दों से भी जुड़े हुए हैं। जिस व्यक्ति ने बादल पर हमला किया, उसके बारे में भी बताया जा रहा है कि खालिस्तान आंदोलन के दौरान पाकिस्तान गया था। ऐसे में पुलिस और सुरक्षाबलों की मामूली लापरवाही भी बड़ी घटना का कारण बन सकती है।

पंजाब में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर काबू न पा सकने की वजह से स्वाभाविक ही वहां की राज्य सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। सुखबीर बादल पर हमले के बाद फिर से सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र पर अंगुलियां उठने लगी हैं। हमला करने वाले की बादल पर गोली चलाने के पीछे मंशा चाहे जो रही हो, पर चिंता की बात है कि वह सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी का फायदा उठाने में कामयाब हो गया।

# बाइक पर ऊंट को बिठाया, फिर सरे बाज़ार घुमाया

सोशल मीडिया और इंटरनेट वो स्पेस है, जहां आपको रोज़ाना बहुत कुछ देखने और जानने को मिल

**जरा हट के**

जाता है. कई बार तो कुछ ऐसी अजीब चीज़ें सामने आ जाती हैं, जिन्हें देखकर आश्चर्य से आंखें फटी रह जाती हैं. एक ऐसा ही वीडियो इस वक्त वायरल हो रहा है, जिसमें दो लोग ऊंट जैसे भारी-भरकम जानवर को बाइक पर बैठाकर कहीं ले जा रहे हैं.

> जब हम कोई अजीबोगरीब चीज देखते हैं पहले चौंक जाते हैं, फिर इसके बारे में सोचते हैं. एक ऐसा ही दिलचस्प नज़ारा इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखते ही लोगों के मुंह से निकल रहा है– अरी मोरी मैय्या!



जब हम कोई अजीबोगरीब चीज देखते हैं पहले चौंक जाते हैं, फिर इसके बारे में सोचते हैं. इस दिलचस्प नज़ारे को देखते ही लोगों के मुंह से निकल रहा है- अरी मोरी मैय्या! शायद पहले किसी ने भी इस तरह से ऊंट को बिठाने के बारे में सोचा ही नहीं होगा. यही वजह है कि आसपास से गुजर रहे किसी शख्स ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया.

वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है एक शख्स बाइक चला रहा है और दूसरा शख्स पीछे बैठा हुआ है. इसी बीच ज़रा नज़दीक से आप देखते हैं, तो आपको उन दोनों के बीच में एक ऊंट भी बैठा हुआ नज़र आता है. इतने भारी-भरकम ऊंट को इस तरह से बाइक पर एडजस्ट होकर बैठा देखकर आसपास से गुजर रहे लोग हक्के-बक्के रह गए. ऊंट को बांधकर बाइक पर बिठाया गया है क्योंकि वैसे तो खड़े रहकर भी वो इससे काफी ऊंचा रहता.

# कम सोने वाली महिलाओं को डायबिटीज का खतरा

- पुरुषों से ज्यादा महिलाओं के लिए नींद है जरूरी

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में हाल ही में हुई एक स्टडी के मुताबिक अगर महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में नींद न मिले तो इससे उनमें डायबिटीज का खतरा 16 फीसदी तक बढ़ जाता है। इस स्टडी में शोधकर्ताओं ने देखा कि अगर महिलाएं लगातार छह हफ्तों तक अपनी नींद में डेढ़ घंटे यानी 90 मिनट की कटौती करें तो इससे उनका मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन 12 फीसदी तक बढ़ जाता है। मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन एक जरूरी मार्कर है, शरीर में ब्लड शुगर लेवल और टाइप 2 डायबिटीज को मापने का।




इंसुलिन की मात्रा ब्लड शुगर लेवल के अनुपात में ही बढ़ती है।

यूं तो सांस लेने, खाना खाने और पानी पीने के बाद जीवन के लिए तीसरी सबसे जरूरी चीज है नींद। नींद का असर हमारे इम्यून सिस्टम पर, बॉडी वेट पर, दिमाग की फंक्शनिंग पर और यहां तक कि ब्लड शुगर और बीपी यानी ब्लड प्रेशर तक पर पड़ता है। बारीकी से पड़ताल करने जाएंगे तो पता चलेगा कि शरीर के भीतर चल रही कोई ऐसी गतिविधि नहीं है, जो नींद की क्वालिटी से प्रभावित न हो रही हो।

लेकिन डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित कोलंबिया यूनिवर्सिटी की इस रिसर्च के मुताबिक नींद की कमी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को और उसमें भी खासतौर पर पोस्ट मेनोपॉजल महिलाओं के ब्लड शुगर लेवल को ज्यादा प्रभावित करती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि महिलाओं के शरीर के विशिष्ट हॉर्मोनल उतार-चढ़ाव को देखते हुए नींद के प्रति लापरवाही ज्यादा नुकसानदेह हो सकती है।

इस अध्ययन में शामिल महिलाओं में एक तिहाई संख्या पोस्ट मेनोपॉजल महिलाओं की थी। कुल 38 प्रतिभागियों में 11 महिलाएं पोस्ट मेनोपॉजल थीं और सभी स्वास्थ्य के बाकी पैरामीटर्स पर फिट थीं। यानी उनमें से कोई डायबिटिक नहीं थी और उनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य था। साथ ही वह नियमित रूप से सात से आठ घंटे की नींद भी ले रही थीं। स्टडी के दौरान उनकी नींद को दो हिस्सों में बांटा गया। एक हिस्से में उन्होंने अपने सामान्य स्लीप रूटीन को फॉलो किया यानी रोज सात से आठ घंटे की नींद ली। दूसरे हिस्से में उनकी नींद में डेढ़ घंटा कम कर दिया गया। स्टडी के दोनों हिस्सों का टाइम पीरियड छह हफ्ते का था। इस पूरे दौरान उनके ब्लड शुगर लेवल के साथ उनके मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन की भी निगरानी की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि नींद में मात्र नब्बे मिनट की कटौती करने से सामान्य महिलाओं का मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन 15 फीसदी और मेनोपॉजल महिलाओं का मॉर्निंग फास्टिंग इंसुलिन 20 फीसदी बढ़ गया। लेकिन उनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य बना रहा।

# पनीर मंचूरियन

## सामग्री

स्वादिष्ट पनीर मंचूरियन बनाने के लिए आपको 250 ग्राम पनीर, 1 कप हरा प्याज, थोड़ा अदरक, 2 चम्मच अजवाइन, 2 चम्मच चीनी, 1 चम्मच सफेद सिरका, आवश्यकतानुसार रिफाइंड तेल, आवश्यकता के अनुसार लाल मिर्च, 1 छोटी शिमला मिर्च, 1/2 चम्मच पिसी हुई काली मिर्च, 2 छोटी हरी मिर्च, 6 कलियां लहसुन, 2 चम्मच सोया सॉस, 2 चम्मच टमाटर चिली सॉस, नमक आवश्यकतानुसार, 5 बड़े चम्मच मक्के का आटा, आवश्यकतानुसार काली मिर्च की जरूरत होगी. इसके अलावा पनीर मंचूरियन को सजाने के लिए 2 बड़े चम्मच हरे प्याज की जरूरत होगी.

## बनाने की आसान विधि

इस स्वादिष्ट डिश को बनाने के लिए पनीर को क्यूब्स में काट लें. इसके बाद बाकी सभी सब्जियों को धोकर काट लें. अब एक बड़ा बाउल लें और उसमें 3 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर और ½ चम्मच बारीक कटा हुआ लहसुन-अदरक डालकर मिलाएं. अपने स्वाद के अनुसार नमक और लाल मिर्च छिड़कें. इस



सामग्री को अच्छी तरह मिला लें. अब इस मैरिनेड में पनीर के टुकड़े डालें. सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं और सुनिश्चित करें कि पनीर पर मैरिनेड अच्छी तरह से लग जाए.

इसके बाद एक नॉन स्टिक पैन में तेल डालें और एक मिनट तक तेल गर्म करें. तेल गर्म होने पर इसमें लेप किए हुए पनीर के टुकड़ों को डीप फ्राई कर लें. जब ये सुनहरे भूरे रंग के हो जाएं तो इन्हें बाहर निकालें और रुमाल से अतिरिक्त तेल निकाल कर एक तरफ रख दें. फिर तेल को दोबारा गर्म करें और इसमें कटा हुआ प्याज डालें. प्याज को तब तक भूनें जब तक वह नरम और सुनहरे भूरे रंग का न हो जाए. अब इसमें कटा हुआ लहसुन, अदरक, हरी मिर्च और अजवाइन डालें. अब इसमें शिमला मिर्च डालें और सामग्री को 2-3 मिनट तक चलाते हुए भूनें. फिर पैन में पानी के साथ सोया और टमाटर सॉस डालें. अब इसे धीमी आंच पर पकाएं. इसी बीच इसमें पानी डालकर कॉर्न स्टार्च का गाढ़ा मिश्रण तैयार कर लीजिए. सॉस को गाढ़ा करने के लिए कॉर्न स्टार्च का मिश्रण डालें. अब पैन में तले हुए पनीर के टुकड़े डालें. पैन में सफेद सिरका डालकर अच्छे से मिला लीजिए. नमक और काली मिर्च को मिलाकर अच्छी तरह मिलाएं और एक मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं. बीच-बीच में हिलाते रहें. जब आपका मंचूरियन गाढ़ा हो जाए तो आंच बंद कर दें और इसे हरे हरे प्याज से सजाकर नूडल्स या फ्राइड

# कब्ज की समस्या को इग्नोर करना खतरनाक

- बवासीर समेत 3 गंभीर बीमारियों का बढ़ता है खतरा
- 5 तरीकों से पाएं राहत



कब्ज की समस्या दुनियाभर में करीब 20 प्रतिशत लोगों को परेशान कर रही है, जिनमें बच्चों से लेकर हर उम्र के लोग शामिल हैं. इसे अंग्रेजी में कॉन्स्टिपेशन कहा जाता है. यह एक ऐसी समस्या है, जो लोगों की आम गतिविधियों को प्रभावित करती है और लंबे समय तक इसे नजरअंदाज करना बेहद खतरनाक हो सकता है. 3 महीने या इससे ज्यादा समय तक लगातार कब्ज रहे, तो इसे क्रोनिक कॉन्स्टिपेशन माना जा सकता है. यह परेशानी बवासीर समेत कई गंभीर बीमारियों की वजह बन सकती है. इससे जुड़ी जरूरी बातें डॉक्टर से जान लेते हैं.

लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्ट डॉ. अभय वर्मा के मुताबिक कॉन्स्टिपेशन यानी कब्ज एक आम समस्या है. कब्ज मुख्य तौर पर दो तरह की होती है. पहली शौच क्रिया रोजाना न होकर कई दिनों में एक बार होती है. दूसरे प्रकार की कब्ज में शौच क्रिया के दौरान अत्यधिक जोर लगाना पड़ता है. अक्सर कब्ज के मरीज इसे पेट ठीक से साफ न होने की समस्या बताते हैं. लंबे समय तक कब्ज रहने से मरीज मानसिक रूप से परेशान रहता है और अपनी दैनिक गतिविधियों को करने में असहज महसूस करता है.

### गंभीर बीमारी का हो सकता है संकेत

इसके अलावा लंबे समय तक कब्ज रहने से अल्सर और बवासीर की बीमारी पैदा हो सकती है. कभी कभी फिशर भी बन जाता है. फिशर एक ऐसी समस्या है, जिसमें मलत्याग के दौरान गुदा में छोटे छोटे कट लग जाते हैं. यह बेहद दर्नाक समस्या होती है. कुछ लोगों को कब्ज वृद्धावस्था में ज्यादा होती है. हालांकि कई बार कब्ज किसी गंभीर बीमारी का लक्षण भी हो सकता है. जैसे बड़ी आंत का ट्यूमर, डायबिटीज और थायरॉयड की वजह से भी कब्ज हो सकती है. ऐसे में कब्ज को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

### 5 तरीकों से मिलेगी कब्ज से राहत

- कब्ज से बचने और इससे राहत पाने के लिए प्रतिदिन एक्सरसाइज करनी चाहिए और रेगुलर वॉक करनी चाहिए.
- प्रचुर मात्रा में फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए. डाइट में भरपूर मात्रा में सलाद शामिल करना चाहिए.
- लोगों को कब्ज से बचने और इससे राहत पाने के लिए प्रतिदिन कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पीना चाहिए.
- जिन लोगों को डायबिटीज या थाइरॉइड की समस्या है, उन्हें इन परेशानियों का सही तरह इलाज करवाना चाहिए.
- अगर कब्ज के साथ मलद्वार से खून आता है, शरीर में खून की कमी है या तेजी से वजन घट रहा है, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें.

# सर्दियों में फटी एड़ी से हैं परेशान

सर्दियों की शुष्क हवा से एड़ियां सूखने लगती हैं। पर्याप्त नमी न मिलने से फटना शुरू हो जाती हैं। लगातार पैरों में ठंडी हवा लगने या फिर पैरों के गीले रहने पर भी स्किन गलने लगती है और क्रैक हो जाती है।

वैसे तो मार्केट में कई फुट केयर प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे। लेकिन इन महंगे प्रोडक्ट्स की जगह आप घर में भी फुट केयर रूटीन अपनाकर अपनी एड़ियों को सॉफ्ट और शाइनी बना सकते हैं। चलिए फुट केयर रूटीन को समझते हैं-

**स्टेप-1**

सबसे पहले गर्म पानी में नमक डालें। फिर 10 मिनट के लिए अपने पैरों को उसमें डिप करके बैठ जाइए। इसे बाद आप फुट स्क्रबर से एड़ियों को आराम-आराम से रगड़ें। इससे पैरों में जमी डेड स्किन रिमूव हो जाएगी।

**स्टेप-2**

एड़ियों में होममेड स्क्रब लगाएं। होममेड स्क्रब मलाई और ओट्स से बना सकते हैं। इसमें थोड़ा सा शहद भी मिला लें। फिर पैरों पर इसे लगाकर 2 मिनट के लिए स्क्रब करें। बाद में पैरों को पानी से साफ कर लें।

**स्टेप-3**

अब पैरों में ऑलिव ऑयल या नारियल का तेल हल्का गर्म करके लगाएं। 5 मिनट के लिए हल्की मसाज करें। ऐसा करने से एड़ियों में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा हो जाता है। इतना ही नहीं, पैरों की स्किन पर भी इसका असर साफ नजर आता है।



**स्टेप-4**

पैरों को नॉर्मल पानी से धो लें। टॉवल से अच्छी तरह से पोंछकर सुखा ले। क्योंकि सर्दियों में पैर गीले रह जाते हैं, तो स्किन गलने लगती है और एड़ियां फटनी शुरू हो जाती हैं। इसलिए पैरों को सूखे टॉवल से जरूर साफ करें।

**स्टेप-5**

अब पैरों में नारियल तेल हल्का गर्म करके लगाएं। इसमें कई एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर एड़ियां ज्यादा फटी हैं तो देसी घी गुनगना करके लगाएं। इससे दरारें जल्दी भर जाएंगी। घी लगाने के बाद आपको 15 से 20 मिनट के लिए मोजे पहनने है और फिर बाद में उसे उतार देना है या पहने भी रह सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें।

**वृष** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मिथुन** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**कर्क** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** : कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी।

**तुला** : शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें।

**धनु** : किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** : पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा।

**कुंभ** : पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**मीन** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### बाइक सवारों को टक्कर मारकर बिजली पोल से टकराया कैप्सूल, 3 युवकों की मौत

**रायबरेली.** रायबरेली जिले के ऊंचाहार में बारात से लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को कैप्सूल टैंकर ने टक्कर मार दी। इसके टैंकर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया। घटना में बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसा सलोन कोतवाली क्षेत्र के ऊंचाहार सलोन मार्ग पर रोहनिया सीएचसी के निकट का है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरहना मजरे पकसरावां निवासी अखिलेश सरोज 24 वर्ष पुत्र मोहन लाल अपने पारिवारिक भतीजे गोविन्द सरोज निवासी पुरे खिली और अपने रिश्तेदार संग्राम सरोज के साथ गौसपुर गाँव में बारात में गए थे। बीती बुधवार रात बारात में शामिल होकर लौट रहे थे।

### यूपी में चलती ट्रेन में मर्डर

**अमेठी.** यूपी में जम्मू से वाराणसी आ रही बेगमपुरा एक्सप्रेस में सीट पर बैठने को लेकर दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी फिर जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। हमले में उसके दो सगे भाई घायल हैं। एक को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। दूसरे का इलाज सीएचसी जगदीशपुर में चल रहा है। चलती ट्रेन में हुई हत्या की खबर से पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। तत्काल एक्टिव हुई जीआईपी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना लखनऊ-सुल्तानपुर के बीच अमेठी के निहालगढ़ स्टेशन के पास हुई है। अमेठी के भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के मड़कियन का पुरवा मजरे दौलतपुर लोनहट गांव निवासी 24 वर्षीय तौहीद अंबाला पंजाब से बेगमपुरा एक्सप्रेस पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। गुरुवार की भोर में ट्रेन लखनऊ पहुंची यहां से कुछ युवक भी जनरल कोच में चढ़े। सीट पर बैठने को लेकर तौहीद की उन युवकों से कहासुनी हो गई। इस पर तौहीद ने अपने भाइयों को फोन कर स्टेशन पर बुला लिया। 20 वर्षीय तालिब व 27 वर्षीय तौसीफ निहालगढ़ स्टेशन पर पहुंच गए। सुबह नौ बजे जैसे ही ट्रेन वहां पहुंची दोनों भाई कोच में घुसे तो तौहीद को चाकू मारा जा चुका था। वह गंभीर रूप से घायल था। दोनों भाइयों के पहुंचने पर इन पर भी स्टील के राड से हमला कर दिया गया।

### चंदौसी में बड़ा ऐक्शन, गरजा बुलडोजर, 10 दुकानों को किया ध्वस्त

**चंदौसी.** चंदौसी नगर पालिका की ओर से बुधवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। पालिका की टीम फव्वारा चौक स्थित नाले पर अतिक्रमण करने वाली दुकानों पर गरजी। इस दौरान करीब दस दुकान ध्वस्त कर नाले से अतिक्रमण हटाया गया। पालिका की कार्रवाई के दौरान फव्वारा चौक पर जाम की स्थिति बनी रही। जिला प्रशासन व फोर्स को संभल हिंसा से जैसी राहत मिली तो एक बार फिर शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज कर दिया गया। जिलाधिकारी डा.राजेंद्र पेंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने शहर में अतिक्रमण अभियान का निरीक्षण किया। जिन दुकानों के नीचे से होकर नाला जा रहा है। उनके लिए नगरपालिका पहले ही ध्वस्त करने के लिए कह चुकी है।

### यूपी विधानसभा का शीत सत्र 16 दिसंबर से

**लखनऊ.** यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। गुरुवार को सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल आनंदी बेन ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी। उपचुनाव रिजल्ट और संभल हिंसा के बाद शुरू हो रहे सत्र के काफी हंगामेदार होने की पूरी आशंका है। जिस तरह से संभल हिंसा को लेकर लगातार संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सांसद मामले को उठा रहे हैं और हंगामा चल रहा है, ऐसे में पूरी संभावना है कि विधानसभा के सत्र के दौरान भी उसी तरह की तस्वीर देखने को मिल सकती है। माना जा रहा है कि एक तरफ संभल को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर होगा तो दूसरी तरफ सरकार के पास भी उपचुनाव में मिली भारी जीत का जोश हावी रहेगा। संभव के जवाब में सरकार की तरफ से उपचुनाव में विपक्ष को मिली करारी हार पर निशाना और हमले होंगे।

# दिल्ली ट्रिपल मर्डर केस : मां-बाप, बहन का गला बेटे ने रेता

- बहन के नाम प्रॉपर्टी होने के डर से साजिश रची

**नई दिल्ली.** दिल्ली के नेब सराय में 4 दिसंबर को हुए ट्रिपल मर्डर केस का खुलासा हो गया है। परिवार के 20 साल के बेटे अर्जुन ने ही पिता राजेश कुमार (51), मां कोमल (46) और बहन कविता (23) के मर्डर की साजिश रची थी। हत्या के बाद वो रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर चला गया। वापस आने के बाद उसने शोर मचाया और पड़ोसियों को परिवार वालों की हत्या होने की बात बताई। जॉइंट सीपी एस के सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान अर्जुन ने अलग-अलग बयान दिए जिससे उस पर शक हुआ। इसके बाद अर्जुन ने पुलिस के सामने कबूला कि अपने परिवार वालों की हत्या की साजिश उसने ही रची थी। आरोपी अर्जुन के पिता के साथ विवाद चल रहे थे। उसे डर था कि आर्मी से रिटायर्ड पिता पूरी प्रॉपर्टी बेटी के नाम कर देंगे। पिता उसे पढ़ाई के लिए बार-बार टोकते और बॉक्सिंग करियर में सपोर्ट नहीं करते। इस गुस्से में ही उसने परिवार की हत्या कर दी।

- सालगिरह के दिन हत्या करने की साजिश

अर्जुन ने अपने परिवार वालों की हत्या की साजिश पहले से ही कर दी थी। उसने हत्या को अंजाम देने के लिए अपने मां-बाप की सालगिरह का दिन चुना। 4 दिसंबर को उसके माता-पिता अपनी 27वीं सालगिराह मना रहे थे।



इन दिन अर्जुन ने सुबह पहले बहन को मारा। इस दौरान दोनों में हाथापाई भी हुई। कविता के शरीर पर चोट के निशान हैं। इसके बाद उसने सो रहे पिता को मारा। आखिर में उसने मां पर वार किया जो बाकी दो मर्डर के समय बाथरूम में थीं।

- आवाज न हो इसलिए गला काटा

अर्जुन ने अपने परिवार वालों की हत्या के लिए पिता का सर्विस नाइफ (चाकू) चुना। हत्या करते समय शोर न हो इसलिए उसने घरवालों के गले पर वार किया। खून का बहाव रोकने के लिए अर्जुन ने तीनों के गले पर कपड़ा भी लगाया।

### प्रोफेशनल बॉक्सर है अर्जुन

अर्जुन ने शुरुआती पढ़ाई आर्मी पब्लिक स्कूल से की है। वह अभी दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए कर रहा है। अर्जुन एक प्रोफेशनल बॉक्सर भी है और बॉक्सिंग में ही करियर बनाना चाहता है। उसने दिल्ली की ओर से एक बॉक्सिंग इवेंट में भी हिस्सा लिया था जहां उसे सिल्वर मेडल मिला था। अर्जुन के पिता चाहते थे कि वह अपनी बहन की तरह पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे। बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए ही अर्जुन का परिवार 15 साल पहले हरियाणा से दिल्ली शिफ्ट हुआ था।

- पिता से नाराजगी थी वजह

पुलिस को अर्जुन के बयानों में भी गड़बड़ियां दिखी। उससे पूछताछ में खुलासा हुआ कि अर्जुन ने ही अपने पिता के प्रति गुस्से और बदले की भावना के चलते परिवार वालों की हत्या की। अर्जुन ने बताया कि उसके पिता हमेशा बहन को ही सपोर्ट करते। वे हमेशा उसे पढ़ाई के लिए टोकते। पिता उस पर हाथ भी उठाते। कुछ दिनों पहले 1 दिसंबर को बहन के जन्मदिन के दिन भी किसी बार पिता ने उसकी पिटाई की थी। गुस्से में अर्जुन ने परिवार वालों को मार देने की साजिश रची।

# प्रियंका गांधी ने की अमित शाह से मुलाकात

- कहा- राजनीति से ऊपर उठकर वायनाड लैंडस्लाइड पीड़ितों की मदद करें, PM ने कुछ नहीं किया

वायनाड सांसद प्रियंका गांधी के नेतृत्व में बुधवार को केरल के सांसदों का डेलिगेशन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिला। मुलाकात के दौरान केंद्र की ओर से वायनाड में लैंडस्लाइड से प्रभावित



लोगों के पुनर्वास के लिए 2 हजार करोड़ रुपए का फंड रिलीज करने की मांग की गई।

संसद भवन में 10 मिनट तक चली इस मीटिंग के बाद प्रियंका ने बताया कि उन्होंने शाह से कहा- राजनीति को परे रखकर वायनाड के लोगों को राहत पहुंचानी चाहिए। PM भी वायनाड गए थे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया।

प्रियंका ने कहा- हमने गृह मंत्री को वायनाड की स्थिति के बारे में बताया है। वहां के लोग पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। उनके पास कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं बचा है।

लोगों के घर, बिजनेस, स्कूल सब कुछ बह गया है। वहां लोगों की जितनी मदद की जाए, वो करनी चाहिए। वायनाड में प्रभावित लोगों के लिए सब कुछ बर्बाद हो गया है। ऐसे में अगर केंद्र सरकार कुछ नहीं करती है तो हम क्या कर सकते हैं?

दरअसल, वायनाड में 29 जुलाई की रात करीब 2 बजे और 4 बजे के बीच मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई थीं। इसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

# नोएडा में धरने पर बैठे 34 किसान गिरफ्तार



- रातों-रात पुलिस ने धरना स्थल खाली कराया
- कल 123 को छोड़ा था

**नई दिल्ली.** नोएडा में पंचायत से पहले पुलिस ने 34 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात पुलिस ने जीरो पॉइंट पर धरने के लिए बैठे किसानों को भी हटा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है।

दरअसल, बुधवार शाम को CM योगी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अराजकता कहीं भी बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे वो संभल हो या ग्रेटर नोएडा। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस ने एक्शन लिया।

2 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के 10 संगठनों ने अपनी 4 मांगों को लेकर दिल्ली कूच का ऐलान किया था। अफसरों के आश्वासन के बाद किसानों ने 7 दिन का समय दिया और नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन को शिफ्ट कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल आने वाले किसानों को रोक दिया। इसके साथ ही 8 किसान नेता समेत 123 किसानों को गिरफ्तार कर लिया।

4 दिसंबर को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों को छुड़ाने के लिए महापंचायत बुलाई। इसमें शामिल होने जा रहे महापंचायत में शामिल होने पहुंच रहे राकेश टिकैत को पुलिस प्रशासन ने अलीगढ़ के टप्पल पर रोक लिया।

इसके बाद पंचायत से किसानों ने ऐलान किया कि अगर 1 घंटे में राकेश को नहीं छोड़ा तो आंदोलन होगा। किसानों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने राकेश टिकैत को छोड़ दिया। टिकैत वहां से भागते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे।

पुलिस पीछे-पीछे दौड़ती रही। पुलिस को डर था कि टिकैत हाईवे पर न बैठ जाएं। हालांकि, वह से गाड़ी से ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गए। हालांकि, वह धरनास्थल तक नहीं पहुंच पाए थे।

# विपक्षी सांसद काली जैकेट पहनकर पहुंचे

- मोदी-अडाणी पर नारेबाजी की
- राहुल बोले- अडाणी की जांच नहीं करा सकते मोदी




**नई दिल्ली.** संसद के शीतकालीन सत्र का गुरुवार को आठवां दिन था. विपक्षी सांसद काली जैकेट पहनकर संसद पहुंचे और गली-गली में शोर है, मोदी-अडाणी चोर हैं के नारे लगाए। संसद की पिछली 7 कार्यवाहियों में संभल हिंसा, मणिपुर हिंसा, किसानों की मांग का मुद्दा और अडाणी मामला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।

विपक्षी सांसदों के साथ राहुल और प्रियंका गांधी भी शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी करते हुए ये भी कहा- 'स्कूल देखो-अडाणी', 'सड़कें देखो-अडाणी', 'ऊपर देखो-अडाणी, नीचे देखो-अडाणी' के नारे लगाए।

राहुल गांधी ने प्रदर्शन के दौरान कहा- आप (सरकार) कभी इन्वेस्टीगेशन कराओगे? आप करा सकते हो अपना ही इन्वेस्टीगेशन? मोदी जी, अडाणी जी की जांच नहीं करा सकते। क्योंकि मोदी, अडाणी की जांच कराएंगे तो अपनी ही जांच कराएंगे। मोदी और अडाणी दो नहीं, एक हैं।

### यूपी में गिरेगा तापमान, तीन दिन का अलर्ट

**लखनऊ.** यूपी में मौसम का अजब मिजाज देखने को मिल रहा है। सर्दी शुरू हो चुकी हैं, दिसंबर चल रहा है। ऐसे में तापमान गिरने की बजाए बढ़ रहा है। अलमारियों से गर्म कपड़े बाहर नहीं आए हैं। दिसंबर में कड़ाके की सर्दी का आगाज हो जाता है। जैकेट, स्वेटर, टोपियां, दस्ताने निकल आते हैं। पिछले पांच साल से इसमें बदलाव दिखाई दिया है। दिसंबर पहले की अपेक्षा ज्यादा गर्म होता जा रहा है। इस सीजन यह पिछले साल से भी ज्यादा गर्म है। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पूरे 2.9 डिग्री अधिक हो गया। यह 29.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

# फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़

- 1 महिला की मौत, 3 घायल
- अल्लू अर्जुन से मिलने आए फैंस पर लाठीचार्ज

**हैदराबाद.** हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 1 महिला की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात को संध्या थिएटर में फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए अल्लू अर्जुन आए थे। थिएटर के बाहर आरटीसी



एक्स रोड पर इकट्ठा हुए फैंस अल्लू अर्जुन से मिलना चाहते थे।

इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। धक्का-मुक्की के कारण कई लोग एक-दूसरे पर गिर गए। कुछ लोग घायल भी हुए। स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया।

भीड़ कम होने के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती किया। डॉक्टर ने 1 महिला को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। 3 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें अल्लू अर्जुन के फैंस को बेहोशी के हालात में देखा गया। पुलिस ने उन्हें होश में लाने की कोशिश की।

### अल्लू अर्जुन फैंस से मिलने लेट पहुंचे थे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्क्रीनिंग के दौरान अल्लू अर्जुन समय पर नहीं पहुंचे थे। इस वजह से फैंस की भीड़ और बढ़ती चली गई। अल्लू के कार्यक्रम के आखिरी में जब संध्या थिएटर पहुंचे तो उन्हें देखने के लिए फैंस बेकाबू हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मौके पर तैनात सिक्योरिटी और पुलिस जवानों की संख्या भी उतनी नहीं थी, जितनी सिचुएशन को संभालने के लिए जरूरी थी।

# प्रियांक खड़गे ने ED को 'गुलाम निदेशालय' बताया

- MUDA केस में बोले- जांच एजेंसी केंद्र सरकार की कठपुतली
- रिपोर्ट लीक करने का भी आरोप लगाया

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने गुरुवार को ED को 'गुलाम निदेशालय' बताया। प्रियांक ने सोशल मीडिया X पर लिखा, 'प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक गुलाम निदेशालय बन गया है। वे भाजपा सरकार की असहाय और



लाचार कठपुतलियों के अलावा कुछ नहीं हैं। मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) मामले में CM सिद्धारमैया के खिलाफ ED की जो रिपोर्ट लीक की गई है, वह पूरी तरह से मनगढ़ंत है।'

दरअसल साल 1992 में मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) ने रिहायशी इलाके विकसित करने के लिए किसानों से जमीन ली थी। इसके बदले MUDA की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत जमीन मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई।

MUDA पर आरोप है कि उसने 2022 में सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु के कसाबा होबली स्थित कसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले मैसुरु के एक पॉश इलाके में 14 साइट्स आवंटित की। इन साइट्स की कीमत पार्वती की जमीन की तुलना में बहुत ज्यादा थी।

### प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में आज प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की कानूनी मान्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होगी।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की तीन जजों की बेंच इस मामले को सुनेगी। हिंदू पक्ष ने 1991 में बने इस कानून को चुनौती दी है। कानून के मुताबिक, 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। इस मामले में अब तक कुल छह याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई हैं।

# 100 रु. के टिकट पर कितनी सब्सिडी देता है रेलवे

- सरकार ने दिया पूरा हिसाब
- 46 प्रतिशत की दी जाती है सब्सिडी

**नई दिल्ली.** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि देश में हर रेल यात्री को यात्रा टिकट पर 46 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि रेल मंत्रालय यात्रियों के लिए सब्सिडी पर हर साल 56,993 करोड़ रुपये की राशि खर्च करता है। उन्होंने ट्रेन में करीब 1 हजार नए डिब्बे जोड़े जाने



की भी जानकारी दी है।

बुजुर्गों और मान्यताप्राप्त पत्रकारों को पहले मिलने वाली सब्सिडी की बहाली की संभावना के बारे में पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा, 'भारत सरकार की ओर से यात्रियों को कुल सब्सिडी 56,993 करोड़ रुपये की दी जाती है। हर 100 रुपये की यात्रा सेवा की कीमत 54 रुपये ली जाती है। सभी श्रेणियों के यात्रियों को 46 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है।'

वैष्णव ने एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह भी कहा कि जिस तरह से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में सड़कों से पूरे देश को जोड़ा गया था, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के छोटे और मझोले रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है।

### दिसंबर के आखिर तक 1000 अतिरिक्त जनरल कोच ट्रेनों में जोड़ी जाएंगे

सरकार ने कहा है कि रेल सुविधा को सबके लिए उपलब्ध कराने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिसके लिए जनरल बोगियों को बढ़ाया जा रहा है और इसके तहत इस साल के अंत तक 1000 अतिरिक्त कोच रेलों में लगाए जाएंगे।



संक्षेप...

## स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ केस दर्ज

**ठाणे.** एक निजी स्कूल की प्रिंसिपल को संस्थान में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा 10 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ के बारे में पुलिस को जानकारी नहीं देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह घटना मंगलवार सुबह की है। कक्षा पांचवीं की छात्रा क्लास में अकेली थी, तभी शॉर्ट्स और नीली टीशर्ट पहने एक व्यक्ति वहां आया। उसने कथित तौर पर लड़की के साथ छेड़छाड़ की और उसे फ्लैश भी किया। लड़की ने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद व्यक्ति वहां से भाग निकला। आवाज सुनकर प्रिंसिपल वहां पहुंची और पीड़ित छात्रा से पूछताछ करने लगी। लड़की ने प्रिंसिपल को घटना की जानकारी दी।

# महाराष्ट्र में दिखा एनडीए का शक्ति प्रदर्शन

### ■ नीतीश से चिराग, चंद्रबाबू-कुमारस्वामी तक हुए शामिल

**मुंबई.** महाराष्ट्र में गुरुवार को नई सरकार का शपथ ग्रहण हुआ। शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के आजाद मैदान में हुआ। यहां भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख अजित पवार और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे दोनों ने बतौर उपमुख्यमंत्री शपथ ली। महाराष्ट्र की नई सरकार के शपथ ग्रहण में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन भी दिखा। शपथ ग्रहण समारोह में देश भर से एनडीए के कई मुख्यमंत्री और नेता भी पहुंचे।

### ■ एनडीए के मुख्यमंत्री और नेता पहुंचे

महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। समारोह में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और नेता पहुंचे जिनमें बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के मुखिया नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री



एचडी कुमारस्वामी और केंद्रीय मंत्री और आरपीआई प्रमुख रामदास अठावले ने भी यहां कार्यक्रम में शिरकत की।

### ■ बॉलीवुड की हस्तियां भी रहीं मौजूद

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य भी उपस्थित थे। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड सितारे शाहरुख खान, सलमान खान, रणवीर सिंह और माधुरी दीक्षित जैसी प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

शपथ ग्रहण समारोह को एक भव्य आयोजन बनाया गया जिसमें लगभग 42,000 लोगों के शामिल होने का अनुमान था। 40,000 भाजपा समर्थकों के बैठने लिए विशेष व्यवस्था की गई थी और विभिन्न धर्मों के नेताओं सहित 2,000 गणमान्य लोगों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई। एक अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सुरक्षा के लिए 4,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया।

### देवेंद्र फडणवीस की शपथ

54 साल के देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के सीएम बने हैं। वह एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे हैं। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। 1999 में उनकी महाराष्ट्र विधानसभा में बतौर विधायक एंट्री हुई थी। 1999 और 2004 में फडणवीस नागपुर पश्चिम सीट से चुनाव जीते। परिसीमन के बाद जब नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा सीट बनी तो फडणवीस ने यहां से चुनाव लड़ा और फिर विधायक बने। 2009 के बाद 2014 में भी देवेंद्र फडणवीस इसी सीट से भाजपा के उम्मीदवार बने और जीते भी। इस जीत के बाद देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के 18वें मुख्यमंत्री बने। 2019 के महाराष्ट्र चुनाव में भी देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर दक्षिण-पश्चिम सीट से अपनी किस्मत आजमाई। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के डॉ. आशीष देशमुख को 49,344 वोट से हराया। इस बार देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस के प्रफुल्ल विनोद गुडाधे (पाटिल) को हराया और लगातार छठी बार विधायक बने।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के हाथों से राष्ट्रीय जंतुनाशक मुहिम का उद्घाटन

**ठाणे.** राष्ट्रीय जंतुनाशक दिन निमित्त पर जिलापरिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने प्रगती अंध विद्यालय बदलापूर अंध विद्यार्थियों के स्कूल में जाकर मुलाकात कर जिलास्तरीय मुहिम का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को जंतुनाशक गोलियों का वितरण किया गया। स्कूल के अंध विद्यार्थियों व शिक्षकों से बातचीत मुख्यकार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने किया।मुख्य कार्यकारी अधिकारी घुगे ने प्रगती अंध विद्यालय का नाम बदलकर प्रगती मल्टी टॅलेंट विद्यालय किया।इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे,जिला समाज कल्याण अधिकारी उज्वला सपकाले,जिला माता व बालसंगोपन अधिकारी डॉ. स्वाती पाटील, गट विकास अधिकारी, पंचायत समिती अंबरनाथ नारायण सिंग परदेशी, प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र, बदलापूरगांव स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत कनोजा,सभी तहसील के विभाग प्रमुख, स्कूल प्रमुख स्नेहल मांजरेकर, लौकिक मांजरेकर, मुख्याध्यापक गणेश तायडे,सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।स्कूल के अंध विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया।अंध विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रगति और मार्गदर्शन किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापूर में तीन विद्यार्थियों का CY TB स्किन टेस्ट किया गया।इस अवसर पर गट शिक्षणाधिकारी, पंचायत समिती, अंबरनाथ राजकुमार जतकर, क्षयरोग अधिकारी डॉ. तरूलता धानके, प्राथमिक स्वास्थ्य अधिकारी, कात्रप, बदलापूर डॉ. केतकी गायकवाड,तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अर्जना मोहीते, स्थानिक नगरसेवक बदलापूरगांव प्रथमेश भगत सहित तमाम लोगों उपस्थित रहे।अतिथियों का आभार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय गान किया गया।

## सलमान की शूटिंग में घुसा संदिग्ध युवक

### ■ हिरासत में लिया

**मुंबई.** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को एक बार फिर धमकी मिली है। बुधवार रात को मुंबई के दादर में एक अज्ञात शख्स उनकी फिल्म की शूटिंग एरिया में बिना परमिशन के घुसा। जब क्रू ने टोका तो उसने सलमान खान के सामने कहा- बिश्नोई को बोलूं क्या। इसके बाद सलमान की सिक्योरिटी ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह मुंबई का ही रहने वाला है।

सलमान खान को लॉरेंस गैंग की तरफ से कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। सलमान के घर पर लॉरेंस गैंग ने फायरिंग भी कराई थी। सलमान के करीबी और महाराष्ट्र कैबिनेट के मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाई गई थी।

# अवैध बोर्ड हटवाने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिया आदेश



### ■ जुर्माना वसूली कर मामला दर्ज करवाने के लिए सहायक आयुक्तों को दिया निर्देश

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत अवैध बोर्ड,पोस्टर, बैनर हटवाने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सभी सहायक आयुक्तों को दिया आदेश।साथ ही नोटिस जारी व जुर्माना और मामला दर्ज करवाने के लिए कहा। मनपा की बदनामी और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करना अति आवश्यक है।बुधवार शाम को सभी उपायुक्त, सहाय्यक आयुक्त, विभागप्रमुख, कार्यकारी अभियंता के साथ में मनपा मुख्यालय पर किया बैठक।इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा उपस्थित थे। उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे ने सभी विभागों के कार्यप्रणाली की जानकारी दी।जनवरी महीने में पेड़ों की छटनी पहला चरण।हर साल बरसात के आगमन के समय पेडों की छटनी के लिए तमाम शिकायत दर्ज कराई जाती है।इसके लिए आयुक्त राव ने दो चरण में करने के लिए निर्देश दिया।शाडू मिट्टी से तैयार मूर्ति कम दर से मिले इसके लिए प्रयास किया जाय।मनपा क्षेत्र के अंतर्गत साल 2024 में 30 प्रतिशत मूर्ति शाडु मिट्टी की थी।इस मिट्टी से बनी मूर्ति को विक्री के लिए जगह जगह स्टॉल की व्यवस्था के लिए आयुक्त राव ने आदेश दिया।

## 5 साल के सभी बच्चों को 8 दिसंबर को उपराष्ट्रीय पल्स पोलिओ मुहिम

**ठाणे.** जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की ओर से 8 दिसंबर को जिलें के ग्रामीण क्षेत्र अंबरनाथ, कल्याण, भिवंडी, मुरबाड तहसील व बदलापूर व अंबरनाथ नगरपालिका में उपराष्ट्रीय पल्स पोलिओ मुहिम किया जायेगा।सभी बच्चों को प्राथमिक टीकाकरण, नियमित एएफपी सर्वेक्षण व पल्स पोलिओ टीकाकरण मुहिम के तहत0 से 5 साल के सभी बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए इस मुहिम का उद्देश्य है।राज्य में साल 1995 से हर साल यह मुहिम चल रही है।ठाणे जिला परिषद के सभी स्वास्थ्य विभाग के केंद्र पर मुफ्त में टीकाकरण उपलब्ध है।इसका लाभ लेने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गंगाधर परगे ने किया है।ग्रामीण क्षेत्रों में 0 से 5 साल के भीतर के 1लाख 8 हजार 724 बच्चों व बदलापुर अंबरनाथ नगरपालिका क्षेत्र में 68 हजार 833 कुल 1 लाख 77 हजार 557 बच्चों को पोलियो डोज देने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने किया है।जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1हजार 403 बूथ पर टीकाकरण किया जायेगा।इसके लिए 3 हजार 440 कर्मचारी कार्यरत रहेंगे।पिछले साल 1 लाख 40 हजार 92 बच्चों को टीकाकरण किया जायेगा।

## ट्रेन की चपेट में 2 युवकों की मौत

**ठाणे.** ठाणे में एक ट्रेन की चपेट में आने से 19 वर्षीय और एक 17 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) अधिकारी ने बताया कि जब दोनों लड़के पटरियां पार कर रहे थे, तभी वे मुंबई-कोंकण मार्ग पर दिवा और निलाजे स्टेशनों के बीच मांडोवी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। दोनों लड़के दिवा में दतिवली अगासन इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया।

# ठाणे जिले में बीजेपी ने मनाया जश्न

**ठाणे.** बीजेपी नेता देवेन्द्र फड़णवीस को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद ठाणे और बदलापुर दोनों शहरों में भाजपा पदाधिकारियों ने खुशी मनाई और एक-दूसरे को लड्डु खिलाए.

विधानसभा चुनाव में महायुति को बड़ी सफलता मिली है. इस नतीजे के बाद सबकी नजर इस बात पर थी कि महागठबंधन में मुख्यमंत्री कौन होगा. महायुति ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ा था. इसलिए यह अनुमान लगाया जा रहा था कि शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाया जाएगा. ऐसी भी चर्चा थी कि बीजेपी के सबसे ज्यादा विधायक होने के कारण देवेन्द्र फड़णवीस मुख्यमंत्री बनेंगे. मुख्यमंत्री पद के लिए किसे नामांकित किया जाए, इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हुईं. लेकिन ये बातचीत बुधवार को ख़त्म हो गई. बुधवार को नवनिर्वाचित बीजेपी विधायकों की बैठक हुई.

इस बैठक में देवेन्द्र फड़णवीस को विधायक दल का नेता चुना गया. ग्रुप लीडर चुने जाने के बाद यह तय हो गया है कि उन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए नामांकित किया जाएगा.

इसके चलते भाजपा जिले के ठाणे और बदलापुर दोनों शहरों में भाजपा के पदाधिकारियों ने खुशी मनाई और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं. ठाणे शहर अध्यक्ष संजय वाघुले समेत कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय परिसर में गानों पर नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया.

## खुले स्थानों पर कबूतरों को दाना डालते पाए जाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की घोषणा

**पुणे.** नगर निगम (पीएमसी) ने शहर भर में खुले स्थानों पर कबूतरों को दाना डालते पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की घोषणा की है। पीएमसी ने शहर भर में खुले स्थानों पर कबूतरों को दाना डालते पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की घोषणा की है। पुणे नगर निगम आयुक्त राजेंद्र भोसले ने कहा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग शहर भर में खुले स्थानों पर कबूतरों को दाना डालते पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के प्रमुख संदीप कदम ने कहा, इस मुद्दे को हल करने के लिए, पीएमसी ने पूरे शहर में बैनर लगाकर जागरूकता अभियान शुरू किया है.


### आम सूचना

मैं श्रीमती आरती बाबू कारडा उर्फ आरती ईश्वर कारीरा सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, सह्याद्री नगर, ब्लाक नं. ए-733 के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 53डीओ020660300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेश्मा महेशलाल छाबरिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.12.2024 सी.नं. 296 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती आरती बाबू कारडा उर्फ आरती ईश्वर कारीरा**


# भिवंडी के विकास के लिए करें टैक्स भुगतान -अजय वैद्य

### ■ मनपा आयुक्त का नागरिकों से आह्वान

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य ने नागरिकों से आह्वान किया है कि भिवंडी शहर के सर्वांगीण विकास की खातिर तय समय में मनपा टैक्स की अदायगी बेहद जरूरी है.धनाभाव की वजह से विकास कार्यों सहित तमाम बुनियादी समस्याओं के समाधान में भारी परेशानी उठानी पड़ती है. बुनियादी समस्याओं का समाधान सहित शहर विकास की तमाम कोशिशें धनाभाव से नाकाम हो रही हैं.मनपा टैक्स का करीब 350 करोड़ रुपया नागरिकों पर बकाया है.नागरिकों को बकाया टैक्स भुगतान कर



विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए.

गौरतलब हो कि भिवंडी मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय विलास वैद्य ने नागरिकों से आह्वान किया कि,पावरलूम नगरी के सर्वांगीण विकास हेतु नागरिकों को मनपा टैक्स की अदायगी किया जाना बेहद जरूरी है. मनपा प्रशासन के समुचित नियोजन के बावजूद बगैर आवश्यक निधि विकास कार्य अंजाम दिया जाना कदापि संभव नहीं है. मनपा प्रशासन का एकमेव प्रयास लोगों को उत्कृष्ट दर्जे की मूलभूत सुविधा प्रदान करना है जो धनभाव की वजह से अंजाम देने में भारी दिक्कत हो रही है.

### भिवंडी शहर का बदल रहा चेहरा, मोहरा

आयुक्त वैद्य का कहना है कि,पावरलूम नगरी भिवंडी का विकास तेजी से शुरू है .भिवंडी में टाटा आमंत्रा, गोदरेज, महेंद्रा,मेट्रो स्काईलाइन, पद्मदिशा पैराडाइज,मेट्रो स्काईलाइन,अरिहंत कांप्लेक्स, हीरानंदानी, शक्ति ग्रुप सहित 5 किमी की अल्प दूरी पर बसे ठाणे अपर एरिया में लोढ़ा ग्रुप द्वारा बहुमंजिला अट्टालिका का भव्य निर्माण कर मध्यम वर्ग सहित धनाढ्य नागरिकों की खातिर ठाणे,कल्याण से कम भाव पर सभी लक्जरी सुविधा से लैस इमारतों का निर्माण हो रहा है . ठाणे,कल्याण से हजारों लोग मुंबई नासिक बाईपास, अंजूरफाटा क्षेत्र में निर्मित हो रही आलीशान बिल्डिंगों में फ्लैट खरीदी को प्राथमिकता दे रहे हैं .आगामी दिनों में ठाणे से भिवंडी मेट्रो रेल की कनेक्टबिटी होने से नागरिकों को ट्रैफिक जाम से निजात और सफर बेहद आसान हो जाएगा .ठाणे से भिवंडी स्कॉलर कॉलेज तक मेट्रो रेल का करीब 85% से अधिक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है .100 एमएलडी जलापूर्ति योजना 2026-27 तक पूर्ण होने पर आगामी करीब 35 वर्षों तक पानी समस्या से पूर्णतया छुटकारा मिल जाएगा .पोगांव चाबिंद्रा से अंजूरफाटा तक रिंग रोड निर्माण से ट्रैफिक समस्या से निजात मिल सकेगी .


### आम सूचना

मैं श्री अशोक बालकृष्ण नेमाणे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 116 के सामने, हनुमान नगर, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एओ014420000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चंद्रभागा निवृत्ती कालेकर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.4.2005 सी.नं. 160/2005 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री अशोक बालकृष्ण नेमाणे**

### शुभम टँक्स अँड लाइनर प्रायव्हेट लिमिटेड

**ड्रायवरच्या आवश्यकता आहे**

- **पदाचे नाव:** चालक (Driver)
- **रिपोर्टिंग:** एक्झिक्युटिव्ह असिस्टंट **कामाचे ठिकाण:** ठाणे
- **पदाचा प्रकार:** १ वर्षांचा करारावर आधारित
- **पदासाठी नवीन/स्थानापन्न:** ठाणे
- **पात्रता व अनुभव:** ५ - १५ वर्षांचा अनुभव (एसएससी/एचएससी उत्तीर्ण)

**मुख्य जबाबदाऱ्या**

- मालकाच्या गाडीचे (स्वयंचलित कार) ड्रायव्हिंग करणे.
- गाडीची अंतर्गत स्वच्छता करणे. कार्यालयीन कामे देखील जबाबदारीत समाविष्ट असतील.
- **इच्छित पात्रता** - ५ - १५ वर्षांचा ड्रायव्हिंगचा अनुभव.
- **वय:** ३० - ४० वर्षे.

**ठाणे व आसपास राहणारे उमेदवार प्राधान्य.**
**दारू/धूम्रपानाची सवय नसावी.**

**कामाचे तास व वेतन**

- **कामाचे वेळ:** सकाळी ८:३० ते रात्री ८:३० (रविवार सुट्टी).
- **वेतन:** १८,००० - २२,०००.
- **ओव्हरटाइम:** प्रति तास वेतनानुसार.
- **वेतन जमा होण्याची तारीख:** दर महिन्याच्या १ तारखेला.

इतर महत्त्वाची माहिती
**पिक-अप पॉइंट:** दोस्ती इम्पीरिया, माणपाडा, ठाणे पश्चिम.
विश्वसनीय, प्रामाणिक व जबाबदार उमेदवार हवा.

**संपर्क 8291920072**

### STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


# बॉलीवुड में अच्छे अनुभव नहीं रहे : अदिति गोवित्रिकर

मिसेज वर्ल्ड रही अदिति गोवित्रिकर ने कभी भी एक्टिंग प्रोफेशन को गंभीरता से नहीं लिया। ग्लैडरैग्स मेगामॉडल प्रतियोगिता के बाद जब यश चोपड़ा ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया तब मिलने नहीं गईं। इस बात का पछतावा अदिति को आज भी है। इसे वह अपनी जिंदगी की सबसे भूल मानती हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने कुछ फिल्में कीं, लेकिन एक्टिंग उनके लिए पैरेलल फील्ड था। उनका पूरा फोकस मेडिकल और मॉडलिंग में ही था।



### इस समय क्या कर रही हैं आप?

अदिति गोवित्रिकरने बताया वेब सीरीज 'मिसमैच्ड सीजन 3' नेटफ्लिक्स पर 13 दिसंबर से स्ट्रीम होगी। यह बहुत लोकप्रिय सीरीज है। इसकी स्टोरी लाइन पहले यंगस्टर्स पर थी। उनके रिलेशन और जीवन में आने वाली मुसीबतों पर प्रकाश डाला गया था। अब इसमें कुछ और चीजें देखने को मिलेगी, इसमें मैंने रोहित सराफ की मां का किरदार निभाया है। जब मेरी दूसरी शादी होती है, तब मेरा बेटा मुझे शादी के मंडप तक लेकर जाता है। इस तरह के विषय भी मेकर ने इसमें चुने हैं।

अभी डिज्नी हॉट स्टार पर एक सीरीज 'लाइफ खिल गई' रिलीज हुई थी। इसके अलावा मैंने मार्वलस मिसेज इंडिया शुरू किया है। इसमें शादीशुदा, विधवा और तलाकशुदा महिलाएं भाग लेती हैं। इसका सेकेंड सीजन अक्टूबर में हुआ था। अभी इसके तीसरे सीजन की तैयारी चल रही है।

जब मैंने मिसेस वर्ल्ड में भाग लिया था। उस समय मेरी बेटी एक साल की थी। लोग मुझसे कहते थे कि तुम्हारी शादी हो गई है। अब इस बारे में क्यों सोचना? तुम्हारा करियर अच्छा चल रहा है। शादी के बारे में लोगों को पता चलेगा, तो ग्लैमर फील्ड में काम नहीं मिलेगा। उस समय लोगों की यही सोच थी कि शादी और बच्चे के बाद ग्लैमर फील्ड में करियर खत्म हो जाता है।

मैं यह सोच रही थी कि अगर लोग मेरे पर्सनल स्टेटस से काम देंगे, तो यह गलत बात है। मेरे पास मेडिकल की डिग्री थी। अगर ग्लैमर फील्ड में काम नहीं मिलेगा, तो मेडिकल फील्ड में चली जाऊंगी। उस सोच के साथ मैंने मिसेज वर्ल्ड में भाग लिया और मैं जीत गई। तब हमारे देश में लोगों को पता चला कि मिसेस वर्ल्ड भी कुछ होता है।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099